# अब निवेशकों को ऋण देने के लिए आतुर हैं बैंक

## औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने पहले की सरकारों पर साधा निशाना

अमर उजाला ब्यूरो

### कहा- बेहतर कानून व्यवस्था और ढांचागत विकास से आज निवेशकों की पहली पसंद बना यूपी

### औद्योगिक क्षेत्रों में वर्षों से खाली पड़े भूखंडों का आवंटन निरस्त कर नए निवेशकों को देने का एलान

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में निवेशकों और उद्यमियों को सुविधाएं नहीं मिलती थीं। अधिकारी भी निवेशकों का सहयोग नहीं करते थे। लेकिन, बीते 6 वर्ष में कानून व्यवस्था में हुए सुधार और ढांचागत विकास के बूते आज देश-दुनिया के हर निवेशक की पहली पसंद यूपी बन गया है। जो बैंक पहले ऋण देने से कतराते थे, आज वही ऋण देने के लिए निवेशकों के पीछे भाग रहे हैं। नंदी रविवार को अपने सरकारी आवास पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अब अधिकारी भी निवेशकों की समस्या का तत्परता से समाधान कर रहे हैं। जीएसआई से प्रदेश दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ेगा, इससे यूपी के गांवों तक निवेश पहुंचेगा। लखनऊ में स्कूटर इंडिया की बंद फैक्टरी, प्रतापगढ़ में एटीएल ट्रैक्टर फैक्टरी सहित एनसीआर की बंद फैक्टरियों में प्लॉटिंग कर निवेशकों को भूखंड दिए जाएंगे। ग्राम समाज की जमीन पर भी निवेशकों को उद्योग स्थापित करने की मंजूरी दी गई है। पहले की सरकारों पर निशाना साधते हुए नंदी ने कहा कि सपा-बसपा शासन में औद्योगिक क्षेत्रों में लोगों ने भूखंड तो आवंटित करा लिए, लेकिन अब तक यूनिट स्थापित नहीं की। अब ऐसे खाली भूखंडों का आवंटन रद्द कर वास्तविक निवेशकों को ये भूखंड दिए जाएंगे।

### अदाणी के कारण नहीं पड़ेगा प्रभाव



नंदी ने कहा कि अदाणी ग्रुप पर लगे आरोपों से ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अदाणी ग्रुप की कंपनियां जो काम कर रही हैं या जिस क्षेत्र में निवेश करेंगी, वह सरकार के साथ हुए एमओयू के तहत करेंगी। सरकार भी एमओयू के तहत ही उन्हें रियायत और सुविधाएं देगी।

### कारोबार परिवार के हवाले, बेटा ताज समूह के साथ मिलकर बनाएगा होटल

मंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन में आचार संहिता के साथ आचरण संहिता का पालन भी करना पड़ता है। मंत्री बनने के बाद आचरण संहिता का पालन करते हुए हमने अपने सभी व्यापार और उद्योग परिवार के सदस्यों को सौंप दिए हैं। ताज ग्रुप ने प्रयागराज में ताज होटल खोलने का प्रस्ताव रखा है। बेटे की कंपनी ताज ग्रुप के साथ मिलकर प्रयागराज में पांच सितारा होटल खोल सकती है।

### अखिलेश ट्विटर पर नहीं, हमसे मांगें सूची

नंदी ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट 2018 में हुए 4.68 लाख करोड़ के एमओयू में से 4 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतरे हैं। इन्हें 1800 करोड़ की सब्सिडी भी दी गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ट्विटर पर बात न करें। वे हमसे सूची मांगें, फिर उन्हें धरातल पर ले जाकर दिखाएंगे कि कितने उद्योग लगे हैं।